<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–31.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ आज से शुरु होगा संसद का बजट सत्र, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण पेश करेंगी आर्थिक सर्वेक्षण।
- सुप्रीम कोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा पर सुनाया फैसला, झारखंड हाईकोर्ट का आदेश रद्द, परीक्षा से सीटेट अभ्यर्थी होंगे बाहर।
- राज्य में माइनिंग टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची में सीसीएल सीएमडी के साथ की बैठक, सीसीएल एरिया में टूरिज्म सर्किट विकसित करने का निर्देश।
- रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में ठंड से मिली राहत, मौसम विभाग ने चार फरवरी से फिर मौसम में बदलाव की जतायी संभावना, सर्द हवा के लौटने का जताया पूर्वानुमान।
- उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल की तैराकी प्रतियोगिता में झारखंड के राणा प्रताप को कांस्य पदक, वुशु में निशांत तिर्की ने पदक किया पक्का, एचआईएल के सेमीफाइनल मुकाबले आज।

******************

संसद का बजट सत्र आज से शुरू होगा। सबसे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा और राज्यसभा दोनों के संक्षिप्त सत्र के दौरान आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि आर्थिक सर्वेक्षण की प्रस्तुति संसद में बजट सत्र की आधिकारिक शुरुआत का प्रतीक है।

******************

संसद में कल पेश होने वाले बजट से झारखंड के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। लोगों को अपेक्षा है कि इस बजट से महंगाई से राहत, रोजगार के नए अवसर और विकास की आधारभूत संरचनाओं में विस्तार के रास्ते खुलेंगे। झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़े लोगों में उत्सुकता है। सभी को उम्मीदें हैं कि उनके हितों का ख्याल बजट में रखा जाएगा।

******************

दुमका की कॉलेज छात्रा और युवा हस्तशिल्प अर्पिता कहती हैं कि सरकार को कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प के विकास के लिए ठोस कदम उठाने की जरुरत है।

******************

बोकारो के लोगों को भी बजट से खासा उम्मीदें हैं। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया में कार्यरत डॉक्टर श्रवण कुमार ने कहा कि आयकर स्लैब को बढ़ाकर सरकार नौकरी पेशा लोगों को राहत दे सकती है।

******************

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में 26 हजार से ज्यादा पदों के लिए हुई सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा पर अपना फैसला सुना दिया है। शीर्ष अदालत ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसमें सीटेट पास और अन्य राज्यों के टेट पास झारखंड के अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी थी। अदालत के इस फैसले के बाद सीटेट पास और पड़ोसी राज्यों से टेट पास झारखंड के अभ्यर्थियों को परीक्षा से बाहर होना होगा।

******************

राज्य में माइनिंग टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची में सीसीएल के सीएमडी और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। मंत्री ने सीसीएल को टूरिज्म सर्किट विकसित करने का निर्देश दिया। सीसीएल की ओर से मंत्री को बताया गया कि सीसीएल एरिया में तीन टूरिज्म सर्किट बनाने की तैयारी है। इनमें दो इको माइनिंग टूरिज्म सर्किट और एक रिलीजियस माइनिंग टूरिज्म सर्किट होगा।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण और जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन को साइबर अपराधियों ने ठगने का प्रयास किया है। साइबर अपराधी एसबीआई के अधिकारी बनकर घटना को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन मंत्री की सूझबूझ के कारण वे सफल नहीं हो सके। मंत्री ने साइबर अपराधियों के नम्बर को ट्रेस कर उनपर कार्रवाई का निर्देश पुलिस को दिया है।

******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिल्ली के राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में गणतंत्र दिवस परेड के सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्तों और झांकियों को पुरस्कृत किया।

******************

रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में आसमान में बादल छाये रहने और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी से लोगों को ठंड से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार दो फरवरी से आसमान से बादल छंट जायेंगे और मौसम साफ हो जायेगा। विभाग ने यह भी कहा है कि चार फरवरी से मौसम में फिर बदलाव देखने को मिल सकता है और एक बार फिर सर्दी लौट सकती है।

******************

उतराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल की तैराकी प्रतियोगिता में झारखंड के राणा प्रताप ने 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में कांस्य पदक हासिल किया है। इधर, वुशु में निशांत तिर्की ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाकर झारखंड के लिए पदक पक्का कर लिया है।

******************

हॉकी इंडिया लीग के सेमीफाइनल में आज श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना तमिलनाडु ड्रैगन्स से होगा। यह मैच राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में शाम 6 बजे शुरू होगा जबकि जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला इसी मैदान पर रात सवा आठ बजे हैदराबाद तूफान्स से होगा।

******************

राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा पर झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर की सुर्खी है– शिक्षक नियुक्ति परीक्षा से सीटेटे बाहर, सिर्फ जेटेट को ही मौका।

दैनिक भास्कर ने मंइयां सम्मान योजना में फर्जीवाड़े की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान के शब्द हैं– रांची में मिली जीबीएस की संदिग्ध, पुणे भेजा जायेगा सैंपल। दैनिक जागरण लिखता है– राज्य में शिक्षक नियुक्ति के लिए सिर्फ जेटेट पास अभ्यर्थी ही योग्य। रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– बजट सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक, सरकार ने की सहयोग की अपील। अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने महाकुंभ हादसे के बाद सरकार द्वारा उठाये गये एहतियाती कदमों की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*******समाप्त*******